पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सरायपाली

कक्षा - 1 प्रवेश सूचना सत्र 2025-26

समस्त आदरणीय अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि **कक्षा 1** में ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन **दिनांकः 07.03.2025 (प्रातः 10:00 AM) से 21.03.2025 (सांय 10:00 PM)** तक किया जाएगा | प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों के विवरण हेतु केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय https://kvsangathan.nic.in/en/admission/ तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सरायपाली की वेबसाइट **https://saraipalli.kvs.ac.in/** पर जाकर प्रवेश नियमावली को अवश्य देखें |

ऑनलाइन आवेदन हेतु अभिभावक निम्न पोर्टल पर जा कर आवेदन कर सकते हैं :

1) **कक्षा 1 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने का लिंक**: https://kvsonlineadmission.kvs.gov.in
2) अभिभावकों से अनुरोध है कि वे पोर्टल का उपयोग करने से पहले निर्देशों का सावधानी से पालन करें। किसी भी तरह की गलती के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगें |
3) पंजीयन के दौरान भरे गए दस्तावेज चयन के उपरांत सत्यापन हेतु मांगे जाएंगे और नामांकन के लिए मान्य होंगे।
4) RTE में आवेदन हेतु अभिभावक अपनी कैटेगरी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र/बिजली बिल, आधार कार्ड उपलब्ध रखें | पंजीकरण के समय दिया गया आवासीय पता ही अंतिम व मान्य होगा (रिकॉर्ड सत्यापन के पश्चात)।

नोट:-किसी भी तरह की गलत जानकारी की स्थिति में फॉर्म रिजेक्ट कर दिया जायेगा I अभिभावक admission guideline पढ़कर ही आवेदन करें | आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि के लिए अभिभावक स्वयं जिम्मेदार होंगे |

चयन होने पर प्रवेश के समय आवश्यक दस्तावेज

कक्षा 1 में आवेदन हेतु निम्न दस्तावेज आवश्यक हैं –

1) जन्म प्रमाण पत्र
2) नवीनतम जाति प्रमाण पत्र (SC, ST, OBC–NON CREAMY LAYER)
3) अभिभावक का निवास प्रमाण पत्र (Address Proof of Parents)
4) विद्यालय से आवास की दूरी का स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र (08 कि.मी.)शिक्षा के अधिकार अधिनियम (RTE) के तहत प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए लागू |
5) माता-पिता एवं विद्यार्थी का आधार कार्ड
6) Blood group एवं E-Mail ID
7) यदि दिव्यांग अभ्यर्थी हों तो सिविल सर्जन द्वारा जारी प्रमाण पत्र |
8) सेवा प्रमाण पत्र (यदि अभिभावक किसी सरकारी सेवा में नियमित कार्यरत हों) |
9) विगत सात वर्षों में हुए स्थानान्तरणों का प्रमाण पत्र (यदि अभिभावक admission guideline के आधार पर योग्य हो)
10) नियमित सेवा कार्यभार ग्रहण आदेश (Joining Order)
11) सक्षम अधिकारी द्वारा जारी BPL/EWS Certificate (यदि BPL / EWS श्रेणी के अंतर्गत आवेदन किया हो)

एडमिशन हेल्पडेस्क

शिक्षक से संपर्क करने का समय – 9:30 AM – 3:00 PM

प्रवेश प्रक्रिया में आने वाली शंकाओ तथा तकनीकी समस्याओं से सम्बंधित जानकारी हेतु नीचे दिए गए दूरभाष नंबर पर संपर्क करें:

श्री अजाम्बिल बेहरा -9937982599, श्री योगेश कुमार – 8602679724 श्री सदाशिव बीसी - 7008769982,

विद्यालय की वेबसाइट - **https://saraipalli.kvs.ac.in/**

NOTE: आवेदन फार्म भरने के बाद अभिभावक विद्यालय द्वारा बुलाए जाने पर ही विद्यालय आए तथा विद्यालय परिसर में अनावश्यक रूप से आने से बचें |

अन्य कक्षाओं के लिए प्रवेश सूचना

कक्षा दो से ग्यारहवीं वर्ग हेतु कोई भी रिक्ति होने पर दिनांक 02.04.2025 से 11.04.2025 तक ऑफलाइन पंजीकरण किया जायेगा |

प्राचार्य